कार्यालय संभागीय आयुक्त, भरतपुर

क्रमांक / सामान्य / 2022 / 83 - 86 दिनांक :– 18-03-23

जिला कलक्टर,
भरतपुर / धौलपुर /
करौली / सवाईमाधोपुर

सामान्य
20/3/23

विषयः– दिनांक 23 व 24 मार्च 2023 को आयोजित होने वाले राजस्थान मेगा जॉब फेयर में युवाओं के पंजीयन एवं प्रचार–प्रसार बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिला प्रशासन एवं कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के मार्गदर्शन में भरतपुर संभाग मुख्यालय पर स्थित महारानी श्री जया महाविद्यालय (एम.एस.जे. कॉलेज) खेल मैदान, भरतपुर में दो दिवसीय राजस्थान मेगा जॉब फेयर का आयोजन दिनांक 23 व 24 मार्च 2023 को किया जा रहा है। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री महोदय भी पधारेंगे। इस मेले में 75 नियोजकों द्वारा 10,000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है।

जॉब फेयर में अधिक से अधिक प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन करवाया जाना है जिससे कार्यक्रम का लाभ संभाग के अधिकाधिक युवाओं को मिल सके। अतः उक्त जॉब फेयर का भरपूर प्रचार–प्रसार कराते हुए आपके जिलों में अधिक से अधिक प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस संदर्भ में आप अपने जिलों के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों तथा शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु निर्देशित करें।

220
20/3/23

Mega Job Fair
Bharatpur

Candidate Registration

उक्त राजस्थान मेगा जॉब फेयर में प्रतिभागियों के भाग लेने हेतु पंजीयन वेबसाइट **https://rajasthan.rozgaarmela.com/Bharatpur/Candidate/Login** एवं निम्नांकित क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा रहा है।

(साँवर मल वर्मा)
संभागीय आयुक्त,
भरतपुर

क्रमांक / सम / 87 – 99 दिनांक :– 18-03-2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. जिला रोजगार अधिकारी, भरतपुर / धौलपुर / करौली / सवाईमाधोपुर।
2. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भरतपुर / धौलपुर / करौली / सवाईमाधोपुर।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, भरतपुर / धौलपुर / करौली / सवाईमाधोपुर।
4. श्री अजय कुमार मेनारिया, महात्मा गांधी नेशनल फेलो, भरतपुर।

संभागीय आयुक्त
भरतपुर